कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी अम्बेडकरनगर

पत्रांक- 1756 **ई-आफिस / JJM / 2025-26/** 242 **दिनाँक-** 01 **/04/2026**

जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक की कार्यवृत्ति-

मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा दिनाँक-01/04/2026 को जल जीवन मिशन के कार्यों के प्रगति की समीक्षा बैठक की गयी। जिसमें सहायक अभियंता जल निगम श्री नितेन्द्र पाण्डेय, श्री अभिषेक वर्मा, दोनों फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर एवं डी0पी0एम0यू0 से जिला समन्वयक एवं प्रोजेक्ट मैनेजर एवं गूगल लिंक के माध्यम से जूनियर इंजीनियर और फर्म के ब्लाक इंचार्ज द्वारा प्रतिभाग किया गया।

समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं VTL व वेलस्पन के प्रो0 मैनेजर को निम्न निर्देश दिये गये -

1. यह कि अवशेष 104 पेयजल परियोजनाओं की Recharge Pitका निर्माण करके तथा जियो टैगिंग का कार्य पूर्ण करते हुए दोनों फर्म एक सप्ताह के अन्दर पोर्टल पर अपडेट करना सुनिश्चित करें।
2. यह कि जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिये गये निर्देश कि दोनों फर्म प्रत्येक माह में कम से कम 50 शिरोपरी जलाशय के निर्माण कार्य को पूर्ण करना सुनिश्चित करें के सापेक्ष दोनों फर्म द्वारा मात्र 20 शिरोपरी जलाशय के निर्माण का कार्य पूर्ण किया गया है जो संतोष जनक नहीं है। दोनों फर्म को निर्देशित किया जाता है कि मैन पावर लगाकर लक्ष्य के अनुरूप शिरोपरी जलाशय केनिर्माण कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें।
3. यह कि जिन योजनाओं पर शिरोपरी जलाशय के निर्माण का कार्य अभी तक प्रारम्भ नहीं किया गया है इस सम्बन्ध में दोनों फर्मों को निर्देशित किया जाता है कि यथाशीघ्र शिरोपरी जलाशय के निर्माण का कार्य प्रारम्भ किया जाय तथा इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता न करती जाय।
4. यह किO&M की योजनाओं पर जीरो पावर्टी वाले परिवारों को जो कि नल जल कनेक्शन से वंचित है उन्हें सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर नल जल कनेक्शन दिया जाना सुनिश्चित किया जाए तथा ध्यान रहे कोई परिवार गृह संयोजन से वंचित न रहे।
5. यह कि दोनों फर्मों द्वारा विगत एक माह से संतोषजनक मैन पावर कार्य के अनुरूप नहीं लगाया जा रहा है जिसके कारण कार्य में प्रगति परिलक्षित नहीं हो रहा है। दोनों फर्मों को निर्देशित किया जाता कि निर्माण हेतु अवशेष सभी योजनाओं पर संतोषजनक श्रमिक लगाकर कार्य को पूर्ण करना सुनिश्चित करें।
6. यह कि O&Mमें जल निगम द्वारा सत्यापित 161 योजनाओं के सापेक्ष मात्र 65 योजनाओं का ही सत्यापन पंचायती राज विभाग द्वारा किया गया है जो संतोषजनक नहीं है। इस सम्बन्ध में अधिशाषी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया जात है कि अधोहस्ताक्षरी के माध्यम से जिला पंचायत राज अधिकारी को सत्यापन कार्य कराये जाने हेतु पत्राचार कराना सुनिश्चित करें।
7. यह कि जनपद में सृजित सभी सरकारी भवन यथा आगनवाड़ी,स्कूल,पंचायत भवन व आरोग्य मंदिर पर गृह संयोजन का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कर लिया जाए।
8. यह कि IGRS एवं JJM हेल्पलाइन नम्बर पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण सभी अधिकारी गुणवत्ता पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें तथा दोनों फर्मों के प्रो0 मैनेजर एवं अधिशाषी अभियन्ता शिकायत के निस्तारण के सन्दर्भ में शिकायत कर्ता से भौतिक सत्यापन हेतु वार्ता करना भी सुनिश्चित करें।

उपरोक्त निर्देश के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

Digitally signed by
ANAND KUMAR SHUKLA
Date: 02-04-2026
20:56:44

मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
अम्बेडकरनगर

प्रतिलिपि-निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. अधिशासी निदेशक राज्य पेय जल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय अम्बेडकरनगर को सूचनार्थ।
3. डी0पी0आर0ओ0 अम्बेडकरनगर को आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।
4. अधिशाषी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) अम्बेडकरनगर को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. दोनों फर्म वेलस्पन एवं VTL कम्पनी अम्बेडकरनगर को दिये गये निर्देश का अक्षरसः अनुपालनार्थ।

मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
अम्बेडकरनगर

1-GV